# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 1



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| **कक्षा :- पहली** | **विषय:- हिंदी** |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| **1 मौखिक भाषा विकास-** पाठ्यपुस्तक या परिवेश की कोई भी छोटी व सरल कविता/कहानी को सुनकर हावभाव के साथ सुनाते हैं, बातचीत करते हैं, प्रतिक्रिया देते हैं और निर्देशों का पालन करते हैं । | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |
| प्रश्न-1 अपनी पसंद कि कोई भी कविता/कहानी को हावभाव के साथ सुनाओ \|<br>प्रश्न-2 **दिए गए निर्देशों का पालन करो (कोई 03) –**<br>पालथी मोड़कर बैठो, अपने दोनों हाथ बाँधो, पंजे के बल खड़े हो, अपनी किताब दिखाओ, अपने मित्र से हाथ मिलाओ \| | |

| **दक्षता विवरण** |
|---|
| **2 ध्वनि जागरूकता**-सुने हुए शब्दों की ध्वनियों को पहचानते हैं और समान तुक वाले शब्द बनाते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि(कोई 02)** |

प्रश्न-1 तुम्हारा नाम क्या है ? उस नाम की पहली आवाज क्या है? उस आवाज़ से शुरू होने वाले शब्दबताओं ?

**उदाहरण –** मेरा नाम किशोर है | मेरे नाम की पहली आवाज क है | क से शुरू होने वाले शब्द है – कौआ, कान, कढ़ी, करेला आदि |

प्रश्न-2 अपने नाम को ताली बजाकर बताओ -

जैसे – मेरा नाम किशोर है | इसमें 03 ताली बजेगी – कि (पहली ताली), शो (दूसरी ताली), र (तीसरी ताली) |

प्रश्न-3 'सविता' शब्द की पहली आवाज़ क्या है -

(A) त (B) व


(C) इ (D) स

'<u>ककड़ी</u>' शब्द से मिलता-जुलता शब्द है -

(A) पड़ी (B) मकड़ी

(C) छड़ी (D) लड़ी

प्रश्न-4 तुक मिलाओ, आगे बढ़ो -



| दक्षता विवरण |
|---|
| **3 डिकोडिंग (ध्वनि प्रतीक संबंध) -** |
| • शब्दों से वर्णों को अलग करते हैं ।<br>• वर्ण और अक्षरों को पहचानते हैं और उनसे शब्द बनाते हैं। |
| **सुझावात्मक गतिविधि(कोई 02)** |

प्रश्न-1 'म' वर्ण पर गोला लगाओ –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| न | म | न | ग | न |
| र | म | र | म | न |

प्रश्न-2 अक्षरों को जोड़कर शब्द बनाओ -

| क | ल | | पा | ल | क | | स | र | प | ट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

प्रश्न-3 आ (ा) की मात्रा वाला शब्द कौन-सा हैं -

(A) कागज (B) तितली

(C) मगर (D) तैरना

| दक्षता विवरण |
|---|
| **4 पठन कौशल**-चित्र में घट रही घटनाओं / गतिविधियों और पात्रों को कहानी के रूप में समझकर अनुमान लगाते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

**चित्र को दिखाकर बच्चों से प्रश्न पूछे - (कोई 03)**



प्रश्न-1 इस चित्र में तुम्हेंक्या - क्या दिखाई दे रहा हैं?

प्रश्न-2 यह चित्र किस जगह का हो सकता है?

प्रश्न-3 चित्र में दिखाई गई उन 04 वस्तुओं के नाम बताओं जिन्हें तुम जानते हो ?

प्रश्न-4 मेले में क्या-क्या मिलता हैं?

प्रश्न-5 तुम मेले में जाओगे तो क्या करोगे ?

| दक्षता विवरण |
| --- |
| **5 लेखन कौशल –**●स्वयं बनाये गए चित्रों के नाम लिखते हैं ।<br>●सुनी हुई / अपनी मन की बातों को अपने तरीके से लिखने का प्रयास करते हैं। |
| **सुझावात्मक गतिविधि(कोई 01)** |
| प्रश्न-1 अपनी मनपसंद मिठाई का चित्र बनाकर नाम लिखो \|<br>प्रश्न-2 **देखकर लिखो –**<br>नरम, टायर, मछली |

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 2



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा :- दूसरी | विषय:- हिंदी |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| **1 मौखिक भाषा विकास -** 30 से 40 शब्दों की सुनी हुई परिवेशीय/ पाठ्य पुस्तक की कविता/कहानी को हावभाव के साथ सुनाते हैं और अपनी भाषा में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं । | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

**कविता**

गमला फूलोंवाला लाओ,
अपना घर-आँगन महकाओ।
नल से पानी लेकर आओ,
पौधों की तुम प्यास बुझाओ।
मछली देखो, आओ-आओ,
रस्सी कूदो, नाचो, गाओ।

प्रश्न-1 शिक्षक इस कविता को हावभाव के साथ सुनाएं और इसके बाद बच्चों को कविता सुनाने कहें ।

**कविता से सम्बंधित कोई 03 प्रश्न बच्चों से पूछे -**

प्रश्न-2 इस कविता में कौन - सा शब्द नहीं आया है ?
(A) गमला (B) आँगन
(C) नल (D) गेंदा फूल

प्रश्न-3 फूलों वाला पौधा नहीं है -
(A) गुलाब (B) मोंगरा
(C) तुलसी (D) सेवंती

प्रश्न-4 'महकने' का अर्थ है -
(A) खुशबू (B) दुर्गन्ध
(C) खेलना (D) पौधा

प्रश्न-5 इस कविता में 'पौधों की तुम प्यास बुझाओ' का अर्थ है –
(A) पौधों को पानी देना
(B) पौधो को पानी में रखना
(C) नल से पानी लाना
(D) पानी में मछली को देखना

प्रश्न-6 तुम कौन - कौन से फूलों के नाम जानते हो?

**दक्षता विवरण**

**2 ध्वनि जागरूकता -**भाषा में निहित शब्दों और ध्वनियों को पहचानते हैंएवं लय और तुक वाले शब्द बनाते हैं ।

**सुझावात्मक गतिविधि(कोई 02)**

**शिक्षक निम्न में से कोई 03 प्रश्न बच्चों से पूछे -**

प्रश्न-1 'चा' और 'र' ध्वनियों से बनने वाला शब्द है -

(A) चारा (B) चरा

(C) चार (D) चर

प्रश्न-2 'वजन' शब्द के मध्य की ध्वनि है -

(A) व (B) ज

(C) जा (D) न

प्रश्न-3 'सजावट' शब्द की अंतिम ध्वनि से शुरू होने वाला शब्द है -

(A) टमाटर (B) सपना

(C) जहाज (D) वजन

प्रश्न-4 'समझ' शब्द में अंतिम ध्वनि कौन सी है -

(A) स (B) म


(C) ज (D) झ

प्रश्न-5 ऐसा कौन-सा शब्द है जिनमे 'च' वर्ण नहीं आया हैं –

(A) नाव (B) मटर

(C) चमक (D) बादल

प्रश्न-6 तुक मिलाओ, आगे बढ़ो -



| दक्षता विवरण |
|---|
| **3 डिकोडिंग (ध्वनि प्रतीक संबंध) -** अक्षर, शब्द और वाक्य की इकाइयों की अवधारणाओं को समझते हैं। |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |
| प्रश्न-1. दिए गए ग्रिड से कोई 03 फलों के नाम ढूँढ़कर बताओ – |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ह | ल | वा | पो | हा |
| जा | मु | न | क | म |
| स | मो | सा | से | ब |
| ना | रि | य | ल | ह |
| के | ला | सं | त | रा |

| दक्षता विवरण |
|---|
| **4 पठन कौशल -**• अपने स्तर और पसंद के अनुसार कविता, कहानी, चित्र, पोस्टर आदि को आनंद के साथ पढ़कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं ।<br>• छोटे वाक्यांशों को पढ़ते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |
| **निर्देश – दी गई कहानी को शुद्ध उच्चारण के साथ धारा प्रवाह पढ़ो -**<br><br>रानी नानी के घर रहने आई । नानी ने रानी के लिए मूंग बड़े और खीर बनाई। नाना और रानी ने बहुत सारे मूंग बड़े और खीर खाई। नानी के लिए बहुत कम खीर बची। यह देखकर रानी उदास हो गई। नानी ने कहा तुम उदास मत हो, मैं कल फिर से खीर बनाऊंगी। नानी ने दूसरे दिन फिर से बहुत सारी खीर बनाई । खीर खाकर सब बहुत खुश हुए। |

| दक्षता विवरण |
|---|
| **5 लेखन कौशल -**• स्वयं बनाये गए चित्रों के नाम लिखते हैं ।<br>•सुनी हुई / अपनी मन की बातों को अपने तरीके से चित्रों / शब्दों / वाक्यों आदि द्वारा लिखित रूप में व्यक्त करते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |
| प्रश्न-1 मटके का चित्र बनाकर उसके बारे में 2 या 3 वाक्य लिखो | |

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 3



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| **कक्षा :- तीसरी** | **विषय:- हिंदी** |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| **1 मौखिक भाषा विकास-** 40 से 60 शब्दों की सुनी हुई परिवेशीय/ पाठ्य पुस्तक की कविता/कहानी को हावभाव के साथ सुनाते हैं और अपनी भाषा में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं । | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

**निर्देश : बच्चों से कोई 01 प्रश्न पूछे -**

प्रश्न-1 तुमने कौन-कौन सी कहनियाँ पढ़ी या सुनी हैं। किसी एक कहानी के बारे में निम्नलिखित बिन्दुओं में बताओ -

- कहानी का नाम
- कहानी में किसके बारे में बताया गया है?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?

प्रश्न-2 तुम अपने दोस्त के साथ स्कूल जा रहे हो और अचानक तेज बारिश शुरू हो जाए तो तुम क्या करोगे?

## दक्षता विवरण

**2 पठन कौशल-**अपनी पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स) आदि को समझते हुए पढ़ते हैं और उसके बारे में बताते हैं ।

## सुझावात्मक गतिविधि

### कहानी

एक दिन जमाल के घर मदन खेलने आया। दोनों को ज़ोर से भूख लगी। रसोई में कुछ भी नहीं था। दोनों सोचने लगे की क्या किया जाए? मदन ने कहा कि चलो पुलाव बनाते हैं। जमाल को यह बात पसंद आ गई। जमाल ने चावल धोया और पतीले में पानी डाल दिया। जमाल ने गाजर और मटर छिला। मदन ने आलू और प्याज काटे। जमाल ने पतीली आग पर चढ़ाई। मदन ने चावल में कटी हुई गाजर, मटर, प्याज और आलू डाल दिया। उसने चावल में थोड़ी - सी हल्दी और नमक भी मिला दिया। दोनों ने मिलकर गरमा-गरम पुलाव खाया। पुलाव खाकर दोनों बहुत खुश हुए।

**दी हुई कहानी को पढ़कर बताओ (कोई 03) -**

प्रश्न-1 इस कहानी में सबसे पहले क्या हुआ?

(A) जमाल ने चावल धोया ।
(B) दोनों ने मिलकर पुलाव खाया ।
(C) जमाल और मदन को बहुत जोर से भूख लगी ।
(D) मदन ने गाजर और मटर छिला ।

| | |
|---|---|
| प्रश्न 2 | 'पुलाव' बनाया जाता है -<br>(A) गेहूँ एवं दाल से<br>(B) चावल, गाजर व मटर से<br>(C) दाल, गाजर और मटर से<br>(D) गेहूँ, गाजर और मटर से |
| प्रश्न 3 भूख लगने पर जमाल और मदन ने क्या किया? | |
| | (A) पुलाव बनाया<br>(B) ब्रेड खाया<br>(C) खाना खाने होटल गए<br>(D) गाजर, मटर, टमाटर खाया |
| प्रश्न 4 भूख लगने पर तुम क्या करते हो? | |
| प्रश्न 5 'पुलाव' कैसे बनाया जाता है? | |

| **दक्षता विवरण** | |
|---|---|
| **3 शब्दावली विकास -** नये शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |
| प्रश्न 1 | मदन को बहुत भूख लगी थी \| रसोई घर में उसे खाने को कुछ भी नहीं मिला यह देखकर वह <u>'रुआँसा'</u> हो गया \| रेखांकित शब्द का अर्थ है -<br>(A) चुप होना<br>(B) रोने जैसा<br>(C) राह देखना<br>(D) जोर-जोर से रोना |
| प्रश्न 2 | बसके कंडक्टर ने कहा – "सभी <u>यात्री</u> अपनी-अपनी सीट पर बैठ जाओ।" इस वाक्य में यात्री शब्द का अर्थ है -<br>(A) खाना बनाने वाला<br>(B) खाना खाने वाला<br>(C) यात्रा करने वाला<br>(D) बाजार जाने वाला |
| प्रश्न 3 | राजस्थानी लोगों की वेशभूषा रंगीन होती है \| वेशभूषा का अर्थ है -<br>(A) वेश<br>(B) भूषा<br>(C) आभूषण<br>(D) पहनावा |

प्रश्न-4. इनमें से सबसे अलग है -

(A) मटर
(B) गाजर
(C) आलू
(D) पतीला

प्रश्न-5. 'पसंद' का विलोम शब्द होगा –

(A) नापसंद
(B) अच्छा
(C) बढ़िया
(D) खुशबूदार

| **दक्षता विवरण** |
|---|
| **4 व्याकरण -**तरह - तरह की कहानियों / कविताओं और रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे - शब्दों की पुनरावृत्ति, संज्ञा, सर्वनाम, विभिन्न विराम चिह्नों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि (कोई 03)** |

प्रश्न 1 जमाल ने आग पर <u>पतीला</u> चढ़ाया | रेखांकित शब्द है -

(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) क्रिया
(D) विशेषण

प्रश्न 2 मदन जमाल के घर <u>खेलने</u> गया - रेखांकित शब्द है -

(A) संज्ञा
(B) क्रिया
(C) विशेषण
(D) सर्वनाम

प्रश्न 3 'मदन व जमाल ने क्या बनाया - इस वाक्य कें अंत में कौन-सा चिह्न लगेगा -

(A) | (पूर्ण विराम)
(B) , (अर्द्ध विराम)
(C) ! (विस्मयादिबोधक)
(D) ? (प्रश्नवाचक)

| | |
|---|---|
| प्रश्न 4 | 'आँखों का तारा' मुहावरे का अर्थ है -<br><br>(A) बहुत सारे तारे<br>(B) आँख खराब होना<br>(C) अत्याधिक प्रिय<br>(D) आँख लाल होना |
| प्रश्न 5 | खरगोश गाजर <u>खाता</u> है \| रेखांकित शब्द है -<br><br>(A) संज्ञा<br>(B) सर्वनाम<br>(C) क्रिया<br>(D) विशेषण |

| | |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| **5लेखन कौशल -**अपने परिवार,विद्यालय,मोहल्ला,खेल का मैदान जैसे विषयों पर अथवा स्वयं विषयों का चुनाव कर अपने अनुभवों को लिखते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि (कोई 01)** | |
| प्रश्न-1 | आपके परिवार में कौन – कौन रहते हैं? उनके बारे में लिखो। (पांच लाइन) |
| प्रश्न-2 | अपने बारे में पाँच वाक्य लिखो। |

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 4



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा :- चौथी | विषय:- हिंदी |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| **1 मौखिक भाषा विकास-**विभिन्न विषयों, घटनाओं, अनुभवों, कहानियों, कविताओं आदि को सुनकर, समझकर अपनी भाषा/विद्यालयी भाषा में बातचीत करते हैं, अपनी राय देते हैं और अपनी बात के लिए तर्क देते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

**निर्देश : बच्चों से कोई 01 प्रश्न पूछे -**

प्रश्न-1 तुमने कौन-कौन सी कहानियाँ पढ़ी या सुनी हैं । किसी एक कहानी के बारे में निम्नलिखित बिन्दुओं में बताओ -

- कहानी का नाम
- कहानी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- कहानी में तुम्हें सबसे अच्छा क्या लगा और क्यों?

प्रश्न-2 तुम अपने सबसे अच्छे दोस्त / सहेली के बारे में बताओ ।

| **दक्षता विवरण** |
|---|
| **2 पठन कौशल-**अपनी मनपसंद की किताबों को स्वयं चुनकर पढ़ते हैं और पढ़ी रचनाओं की विषयवस्तु, घटनाओं, चित्रों के पात्रों आदि के बारे में बातचीत करते हैं /प्रश्न पूछते हैं /अपनी राय देते हैं /अपनी बात के लिए तर्क देते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि** |

**निर्देश – शिक्षक बच्चों को धाराप्रवाह एवं शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ने को कहें तथा पढ़ी हुई कहानी से कोई 03 प्रश्न पूछे -**

घर की छत पर चिड़िया और चिड़ा ने तिनका चुन चुनकर घोसला बनाया। चिड़ियाँ ने उस घोंसले में चार अंडे दिए। कुछ दिनों बाद उस अंडे में से बच्चे निकल आए। बच्चे धीरे-धीरे बड़े होने लगे। चिड़िया अपने बच्चों को उड़ना सिखा रही थी किन्तु चिड़िया के बच्चे उड़ने से डर रहे थे। तभी वहाँ एक पतंग कटकर आई। चिड़िया के बच्चों ने पतंग की डोर पकड़ ली औरधीरे-धीरे उड़ने लगे कुछ देर बाद वे डोर छोड़कर खुद सेउड़ने लग गए ।

प्रश्न 1 - इस कहानी में सबसे पहले क्या हुआ ?
(A) चिड़िया ने घोंसले में अंडे दिए
(B) चिड़िया और चिड़ा ने घोंसला बनाया
(C) चिड़िया के बच्चे पंतग की डोर पकड़कर उड़ने लगे
(D) चिड़िया बच्चों को उड़ना सीखा रही थी

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 2 - | घोसले में कौन रहता है ? | |
| | (A) चूहा | (B) छिपकली |
| | (C) तितली | (D) चिड़िया |
| प्रश्न 3 - | चिड़िया के बच्चों ने उड़ना कैसे सीखा? | |
| | (A) डोर पकड़कर | (B) स्वयं प्रयास करके |
| | (C) अपनी माँ की सहायता से | (D) पतंग पकड़कर |
| प्रश्न 4 - | चिड़िया के बच्चे उड़ने से क्यों डर रहे थे ? | |
| प्रश्न 5 - | पंतग बनाने की लिए किन -किन चीजों की आवश्यकता होती है ? | |

| **दक्षता विवरण** | | |
|---|---|---|
| **3 शब्दावली विकास-**संदर्भानुसार अपरिचित शब्दों के अर्थ बताते हैं। | | |
| **सुझावात्मक गतिविधि(कोई 03)** | | |
| प्रश्न 1 | जंगल का पर्यायवाची शब्द है – | |
| | (A) उपवन | (B) बगीचा |
| | (C) बाग | (D) कानन |
| प्रश्न 2 | सीधा का विलोम शब्द है – | |
| | (A) ऊपर | (B) नीचे |
| | (C) उल्टा | (D) ऊँचा |
| प्रश्न 3 | अद्भूत शब्द का अर्थ है – | |
| | (A) कठिन | (B) सरल |
| | (C) समुद्र | (D) आश्चर्यजनक |
| प्रश्न 4 | विशाल का समानोच्चारित शब्द है - | |
| | (A) मशाल | (B) पताल |
| | (C) नाकास | (D) संथाल |
| प्रश्न 5 | इन शब्दों को बारहखड़ी क्रम में लिखो –<br>जंग, जामुन, जोकर, जीजा, जैसे, जूली, जुगाड़ | |

| **दक्षता विवरण** |
|---|
| **4 व्याकरण-**भाषा की बारीकियों जैसे - शब्दों की पुनरावृत्ति संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, लिंग, वचन आदि का उचित प्रयोग करते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि(कोई 03)** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | 'नीना के पास हवाई जहाज है' - रेखांकित शब्द है- | |
| | (A) सर्वनाम | (B) क्रिया |
| | (C) विशेषण | (D) संज्ञा |
| प्रश्न 2 | 'आम मीठा होता है' इस वाक्य में विशेषण है – | |
| | (A) आम | (B) मीठा |
| | (C) होता | (D) है |
| प्रश्न 3 | इनमे से कौन – सा शब्द क्रिया है – | |
| | (A) पकड़ना | (B) साहसी |
| | (C) ललित | (D) खट्टा |
| प्रश्न 4 | इसके पास दो पेन है - रेखांकित शब्द है - | |
| | (A) संज्ञा | (B) क्रिया |
| | (C) विशेषण | (D) सर्वनाम |
| प्रश्न 5 | दिए गये वाक्य में विराम चिन्ह लगाओ – <br> तुम अपनी नानी से कहानियाँ घटनाएँ चुटकुले पहेलियाँ जरुर सुनते होंगें । | |

| **दक्षता विवरण** | |
|---|---|
| **5 लेखन कौशल -**अपनी कल्पना से किसी कविता, कहानी या किसी विषय वस्तु आदि को लिखते हुए भाषा का सृजनात्मक प्रयोग करते हैं । | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |
| प्रश्न 1 | अपने मनपसंद फल के बारे में 5 वाक्य लिखो । |

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 5




राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा :- पाँचवी | विषय:- हिंदी |
|---|---|

**दक्षता विवरण**

**1 मौखिक भाषा विकास -**सुनी / देखी हुई घटनाओं, कहानियों एवं कविताओं के चित्रों,पात्रों,और शीर्षक के बारे में बातचीत करते है। अपनी बात के लिए तर्क देते हैं,निष्कर्ष निकालते हैं।

**सुझावात्मक गतिविधि**

**निर्देश : बच्चों से कोई 01 प्रश्न पूछे -**

प्रश्न-1 तुमने कौन-कौन सी कहानियाँ पढ़ी या सुनी हैं। किसी एक कहानी के बारे में निम्नलिखित बिन्दुओं में बताओ -

- कहानी का नाम
- कहानी में किसके बारे में बताया गया है?
- कहानी के अंत में क्या हुआ?
- कहानी में तुम्हें सबसे अच्छा क्या लगा और क्यों?

प्रश्न-2 तुम अपने दोस्त के साथ अपनी-अपनी साइकिल से स्कूल जा रहे हो और रास्ते में तुम्हारे दोस्त की साइकिल खराब हो जाए तो तुम क्या करोगें?

**दक्षता विवरण**

**2 पठन कौशल -**अलग - अलग तरह की रचनाओं, सामग्री (बाल पत्रिका, होर्डिंग्स) को समझकर उस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, चर्चा करते हैं और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हैं ।

**सुझावात्मक गतिविधि**

**निर्देश – शिक्षक बच्चों को धाराप्रवाह एवं शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ने को कहें तथा पढ़ी हुई कहानी से कोई 03 प्रश्न पूछे -**

**कहानी**

माली के पास आम का एक बगीचा था। बगीचे में एक तोता रोज़ आकर आम खा जाता था। माली तोते से परेशान हो गया। उसने तोते को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया। पिंजरे में उसने टमाटर रख दिया | तोता जैसे ही टमाटर खाने आया, वह पिंजरे में फँस गया । एक बिल्ली ने पिंजरे में बंद तोते को देख लिया। बिल्ली तोते को खाना चाहती थी इसलिए उसने पिंजरे का दरवाज़ा खोल दिया।जैसे ही पिंजरे का दरवाजा खुला, तोता फुर्र से उड़ गया।

प्र.1 माली किससे परेशान था।

(A) तोता से (B) बिल्ली से
(C) चिड़ियों से (D) चूहों से

प्र.2 बिल्ली ने पिंजरा क्यों खोला -

(A) तोते को आज़ाद करने के लिए (B) तोते से खेलने के लिए
(C) तोते को खाने के लिए (D) माली की मदद करने के लिए

प्र.3 कहानी के अनुसार कौन-सा कथन गलत है ?

(A) माली के पास आम का एक बगीचा था (B) बिल्ली तोते को खाना चाहती थी

(C) माली ने पिंजरे में आम रख दिया (D) तोता फुर्र से उड़ गया

प्र.4 माली ने पिंजरे में टमाटर क्यों रखा ?

(A) तोते को पकड़ने के लिए (B) तोते को खाना देने के लिए

(C) तोते से दोस्ती करने के लिए (D) बिल्ली को फंसाने के लिए

प्र. 5 इस कहानी के मुख्य पात्र कौन-कौन है ?

प्र. 6 इस कहानी में माली तोते से परेशान था, तुम कब-कब परेशान होते हो?

| **दक्षता विवरण** |
| --- |
| **3 शब्दावली विकास -**अलग अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझते हैं और उसका संदर्भानुसार उपयोग करते हैं। |
| **सुझावात्मक गतिविधि (कोई 03)** |

प्र.1 माली तोते से <u>परेशान</u> था। इस वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ है -

(A) खुश (B) गुस्सा

(C) बीमार (D) दुःखी

प्र.2 क्या बुदबुदा रहे हो, मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है । इस वाक्य में 'बुदबुदाना' का क्या अर्थ है?

(A) धीरे - धीरे बोलना (B) गुस्से से बोलना

(C) बूंद- बूंद टपकना (D) ज़ोर - ज़ोर से बोलना

प्र.3 'साँप' का पर्यायवाची शब्द है -

(A) केंचुआ (B) छछूंदर

(C) नेवला (D) विषधर

प्र.4 वर्षा ऋतु में धरा हरी - भरी हो जाती है । इस वाक्य में 'धरा' का क्या अर्थ है?

(A) पेड़ (B) पानी

(C) पृथ्वी (D) सड़क

प्र.5 न्याय करने वाले को कहते है -

(A) न्यायालय (B) न्यायाधीश

(C) न्याय (D) वकील

| | |
|---|---|
| प्र. 6 | तुमने मुझे धोखा दिया है इसलिए मैं तुम पर विश्वास नहीं करता हूँ ।इस वाक्य में “विश्वास” शब्द का विलोम शब्द है -<br>(A) अनिश्चित (B) आश्वासन<br>(C) अविश्वास (D) यकीन |

| दक्षता विवरण |
|---|
| **4 व्याकरण -**भाषा की व्याकरणिक इकाइयों (जैसे – कारक चिह्न, क्रिया, काल, विलोम चिह्न) आदि का उचित प्रयोग करते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि (कोई 03)** |

प्र.1 ‘तुम कहाँ रहते हो’ इस वाक्य के अंत में कौन-सा विराम चिह्न लगेगा -

(A) , (अल्पविराम) (B) । (पूर्णविराम)

(C)!(विस्मयादिबोधक) (D)? (प्रश्नवाचक)

प्र.2 ‘किसान बहुत परिश्रमी होते हैं’ वाक्य में रेखांकित शब्द है -

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) क्रिया

प्र.3 ‘तरबूज एक मीठा फल है।’ इस वाक्य में विशेषण शब्द है -

(A) तरबूज (B) एक

(C) मीठा (D) फल

प्र.4 ‘ऊँचा खड़ा हिमालय आकाश चूमता है।’ रेखांकित शब्द है -

(A) सर्वनाम (B) विशेषण

(C) क्रिया (D) संज्ञा

प्र.5 ‘हम सब दोस्त मिलकर तालाब में नहाते थे।’ यह वाक्य है -

(A) भूतकाल (B) वर्तमान काल

(C) भविष्य काल (D) अनिश्चित काल

| दक्षता विवरण |
|---|
| **5 लेखन कौशल -**अपनी कल्पना से कविता, कहानी, पत्र आदि लिखते हैं एवं कविता, कहानी को आगे बढ़ाते हैं । |
| **सुझावात्मक गतिविधि (कोई 01)** |

प्रश्न 1 - तुम्हारे विद्यालय में दिव्यांगों के लिए कौन-कौन सी सुविधाएं हैं?

प्रश्न 2 - यदि तुम्हारा मित्र दृष्टिबाधित है तो तुम उसकी मदद कैसे करोगे?